डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ.16 / 14 / बी.एस. / पी.एन. /

15 जून 2024

# प्रेस विज्ञप्ति

## साहित्य अकादेमी भाषा सम्मान 2021

साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष श्री माधव कौशिक की अध्यक्षता में स्टैचू ऑफ़ यूनिटी, केवड़िया, गुजरात में शनिवार, 15 जून 2023 को आयोजित अकादेमी की कार्यकारी मंडल की बैठक में **वर्ष 2021 के लिए उत्तरी क्षेत्र से कालजयी और मध्यकालीन साहित्य में बहुमूल्य योगदान** के लिए डॉ. पुरुषोत्तम अग्रवाल को साहित्य अकादेमी भाषा सम्मान हेतु अनुमोदित किया गया।

भाषा सम्मान से सम्मानित विद्वान को साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष द्वारा बाद में आयोजित एक विशेष समारोह में पुरस्कार स्वरूप 1,00,000/– रुपए की राशि, उत्कीर्ण ताम्रफलक और प्रशस्ति–पत्र प्रदान किए जाएँगे। भाषा सम्मान विजेता का संक्षिप्त परिचय तथा निर्णायक समिति के सदस्यों के नाम, जिनके निर्णय पर भाषा सम्मान की घोषणा की गई है, निम्नलिखित हैं :

**डॉ. पुरुषोत्तम अग्रवाल** हिंदी के प्रख्यात आलोचक, कवि, विचारक और कहानीकार हैं। आप हिंदी, खड़ी बोली, ब्रज, अवधी, बुंदेली, अंग्रेज़ी के ज्ञाता हैं तथा उर्दू, बांग्ला और संस्कृत भी पढ़ सकते हैं। आपने कालजयी और मध्यकालीन साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। आपने कई पुस्तकों का लेखन और संपादन किया है, जिनमें उल्लेखनीय हैं – *अकथ कहानी प्रेम की: कबीर की कविता और उनका समय, पद्मावत: एक महाकाव्यात्मक प्रेमकथा, हिंदी सराय: अस्त्राखान वाया येरेवान, नाकोहस* और *तीसरा रुख़*। आधुनिक संदर्भ में कबीर पर पुरुषोत्तम अग्रवाल का कार्य मौलिक है। आपके आधुनिक लेखन को अत्यंत महत्त्वपूर्ण माना जाता है। आपने कबीर और उनके दर्शन को वैज्ञानिक कसौटियों पर कसकर जो निर्णय दिया है, वह उत्कृष्ट है। आपने राजकमल प्रकाशन कृति सम्मान, ब्रिटिश एकेडमी फ़ेलो, मुकुटधर पांडेय सम्मान, देवीशंकर अवस्थी सम्मान जैसे सम्मानों से अलंकृत किया गया है। **निर्णायक मंडल के सदस्य : डॉ. चंद्र प्रकाश देवल, डॉ. महेश चंद्र शर्मा 'गौतम' और डॉ. उदय प्रताप सिंह।**

प्रकाशन / प्रसारण हेतु जारी।

(के. श्रीनिवासराव)

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in